# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 06.12.2023**

**थाना कोतवाली शामली**

**प्रेस नोट**

**थाना कोतवाली पुलिस द्वारा ई-रिक्शा बैटरी, ई-रिक्शा कंट्रोलर व एक मोबाइल की चोरी के मामले में 01 अभियुक्त किया गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 06.12.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे चोरी का अनावरण एवं चोरी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 01.12.2023 की रात्रि में सलेकचंद विहार बाईपास शामली के पास पार्किंग स्थल पर से चोरी हुए ई-रिक्शा कंट्रोलर,बैटरी व एक मोबाईल की चोरी में 01 चोर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। उपरोक्त चोरी हुए सामान की बारमदगी शत-प्रतिशत कियी गयी है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनाँक 01.12.2023 को सलेकचंद विहार बाईपास शामली के पास पार्किंग पर से ई-रिक्शा बैटरी, कंट्रोलर व एक मोबाईल की चोरी के सम्बन्ध में दिनांक 05.12.2023 वादी श्री मौहम्मद जावेद पुत्र मौ0 इस्लाम निवासी मौहल्ला गुलशननगर थाना कोतवाली जनपद शामली द्वारा अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ तहरीर दाखिल की गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा थानाध्यक्ष कोतवाली को निर्देशित किया गया था।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.ईनाम पुत्र इकबाल निवासी मौहल्ला गुलशन नगर थाना कोतवाली शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.ई-रिक्शा बैटरी व कंट्रोलर।

2.एक मोबाईल ऑप्पो।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री युनुस खान थाना कोतवाली जनपद शामली।

2.है0का0 सोहित कुमार थाना कोतवाली जनपद शामली।

3.है0का0 रिंकू सिंह थाना कोतवाली जनपद शामली।



# **थाना बाबरी**

## **प्रेस नोट**

**थाना बाबरी पुलिस द्वारा मोटरसाईकिल लूट की घटना में 01 बालअपचारी हिरासत में लिया गयाः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 21.10.2023 को श्री बिन्दर सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी सुभाषनगर बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली फैक्ट्री (जहां काम करता है) सिला जुडी मुजफ्फरनगर से मोटरसाईकिल UP19P4702 से अपने घर आ रहा था। तभी मुजफ्फरनगर शामली हाईवे पर थाना बाबरी क्षेत्रान्तर्गत 04 मोटरसाईकिल सवार अज्ञात बदमाशों द्वारा मारपीट कर मोटरसाईकिल छीन लेने के सम्बन्ध में थाना बाबरी पुलिस को पीडित द्वारा सूचना दी गई। पीडित की तहरीर के आधार पर थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे।

इसी क्रम में आज दिनांक 06.12.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा मोटरसाईकिल लूट की घटना में 01 बालअपचारी को हिरासत में लिया गया है। उपरोक्त के संबंध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में शामिल एक अभियुक्त को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है तथा शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी के निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। शीघ्र ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री सुनील कुमार थाना बाबरी जनपद शामली।

2.है0का0 मोनवीर थाना बाबरी जनपद शामली।

3.का0 भागमल थाना बाबरी जनपद शामली।